# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**
**दिनांक- 19.09.2023**

- **कानपुर देहात पुलिस द्वारा हत्या की घटना मे वांछित 01 नफऱ अभियुक्त को किया गिरफ्तार।**
- **थाना रूरा पुलिस की कार्यवाही से 01 नफर अभियुक्त को मु0अ0सं0 321/2023 धारा 302/504/506/427/34/120 बी भा0द0वि0 मे 01 अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक रेन्ज कानपुर श्री प्रशान्त कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना रुरा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये दिनांक 18.09.2023 को थाना रुरा पर पजीकृत मु0अ0सं0 321/2023 धारा 302/504/506/427/34/120 बी भा0द0वि0 बनाम विष्णु कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 शिवनन्दन निवासी ग्राम अपौना आदि 07 नफर में थाना रुरा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त विष्णु कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 शिवनन्दन को आज दिनांक 19.09.2023 को मुखबिर खास की सूचना पर रिन्द नदी से करीब 200 मीटर की दूरी पर थाना क्षेत्र रूरा जनपद कानपुर देहात से एक अदद अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोतरी की गयी, तत्पश्चात थाना रूरा पुलिस द्वारा गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-** पूछताछ में अभियुक्त विष्णु कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 शिवनन्दन निवासी ग्राम अपौना थाना रूरा जनपद कानपुर देहात ने बताया कि दिनांक 17.09.2023 को शाम के समय धर्मेन्द्र आचार्य के गांव के किनारे बने आश्रम पर मै गया था जहाँ पर धर्मेन्द्र आचार्य आदि लोगो ने मुझे बैठाया और शराब का सेवन कराया जब मैं काफी ज्यादा नशे में हो गया तो मुझको साथ लेकर अपने कुछ अन्य लोगो के साथ बडे सिंह की जमीन के पास ले गये जहाँ पर दोनो पक्षो आचार्य धर्मेन्द्र आदि व बडे सिंह मे झगडा हो गया झगडे में धर्मेन्द्र आचार्य आदि ने लाठी डण्डो से बडे सिंह को मारा पीटा जिससे बडे सिंह बुरी तरह घायल हो गया था और बाद मे उसकी मृत्यु हो गयी। मै अपनी सुरक्षा के लिए चोरी छुपे एक तमंचा भी रखता हूं मै आज बाहर जाने की फिराक मे था कि मुझे पकड लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण** –

1. विष्णु कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 शिवनन्दन निवासी ग्राम अपौना थाना रूरा जनपद कानपुर देहात

**आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 321/2023 धारा 302/504/506/427/34/120 बी भा0द0वि0 व 3/25 आर्म्स एक्ट

**बरामदगी –**

1. आला कत्ल,टूटी हुई लाठी (घटना मे प्रयुक्त)
2. 01 अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री कपिल दुबे
2. उ0नि0 सुरजीत सिंह
3. का0 285 वैभव कुमार
4. का0 218 राहुल यादव